हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(षष्टम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

बुधवार, 28 अगस्त, 2019/6 भाद्रपद,1941(शक्)

[मुख्य मन्त्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - कृषि मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - वन मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री].

कुल प्रश्न - 34

Inspection Cum Rest Hut

*1476 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वन मण्डल रेणुका के अन्तर्गत Inspection-Cum-Rest Hut हरिपुरधार किला और शिबयाड़ी का निर्माण कार्य कब प्रारम्भ हुआ, इनके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत थी और कितनी व्यय की गई;

(ख) इन हटों में कितने कमरे हैं तथा कितनों का उपयोग किया जा रहा है;

(ग) इन हटों हेतु सम्पर्क मार्ग का निर्माण किया गया था तथा इनके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत थी और कितनी व्यय की गई; और

(घ) यह सत्य है कि वर्तमान में यह संपर्क मार्ग जीर्ण-शीर्ण अवस्था में होने के कारण वाहन योग्य नहीं है; यदि हां, तो इनको ठीक करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

जलवाहकों की रिक्तियां

***1477 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में 31 जुलाई, 2019 तक कितनी राजकीय प्राथमिक पाठशालाएं कार्यरत हैं; इनमें कितने जलवाहक के पद स्वीकृत हैं तथा कितने रिक्त हैं; इनकी अन्तिम बार भर्ती कब की गई थी तथा रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा जिलावार दें?

Mini/Micro Hydro Electric Projects

***1478 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) how many Mini & Micro HEP have been allotted on Suil River in Chamba District; and

(b) what is the capacity of each project and at what stage of implementation are these projects?

TCP Office Palampur

***1479 Sh. Ashish Butail(Palampur) :**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state :-

(a) since 01.01.18 to 31.07.2019, how many cases have been received by the TCP office at Palampur for approval of Sub-Division of lands, Commercial Buildings and Residential Buildings; date-wise and name-wise details be given;

(b) how many cases have been approved and how many are pending; details be given;

(c) is there any provision for giving exemption from approval by TCP for construction of houses by beneficiaries under State or Central Government schemes; if yes, give details; and

(d) if not, will the Government exempt such cases in future?

निविदाएं

***1480 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों मे दिनांक 31.07.2019 तक लोक निर्माण मण्डल चौपाल, ठियोग और रोहड़ू वृत्त के अन्तर्गत NABARD, PMGSY, SCCP और स्टेट फंड की कितनी निविदाएं आमन्त्रित की गईं; और

(ख) इन योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई और कितनी योजनाओं में कब, कितनी बार तथा कितनी प्रतिशतता में धनराशि की deviation की गई; ब्यौरा कारण सहित दें?

कृत्रिम झील

***1481 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार ने अली खड्ड पुल के पास एक कृत्रिम झील बनाने का निर्णय लिया था; यदि हां, तो इसका कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

Water Supply Schemes with Inadequate Staff

***1482 Sh. Ram Lal Thakur(Sri Naina Deviji) :**
Sh. Rakesh Singha(Theog) :

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that during the last three years, Irrigation and Public Health Department has out-sourced the work of various schemes in the Pradesh;

(b) if so, during the last three years upto 31.07.2019, how many Fitters, Pump Operators, Beldars and Chowkidars have been appointed through contractors/Companies to run water supply schemes in the I&PH Department; a consolidated list alongwith the names of the Sub Divisions in which they have been appointed be laid on the Table of the House;

(c) how many water supply schemes in the I&PH Division Matiana and Kasumpti are running with inadequate staff; and

(d) dose the Government proposes to provide adequate staff to run these water supply schemes; if yes, by when; if not, the reasons thereof?

National Highway

*1483 **Sh. Rajinder Rana(Sujanpur) :**
Sh. Harshwardhan Chauhan(Shillai) :

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) what is the latest position of construction of 68 National Highways in the State;

(b) during the last three years upto 31.07.2019, how much funds have been sanctioned under National Highways to the State by Central Government; Division Wise details be given; and

(c) has the Department received any complaints of sub-standard work on National Highways; if yes, details be given?

नगवाईं बागवानी फार्म

*1484 **श्री जवाहर ठाकुर (दरंग):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला मण्डी के नगवाईं में बागवानी विभाग के पास कितनी भूमि उपलब्ध है; इस पर विभाग क्या गतिविधियां चला रहा है; और

(ख) बागवानों को इस भूमि से लाभान्वित करने हेतु सरकार की क्या योजना है; ब्यौरा दें?

विशेष वित्तीय सहायता

*1485 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार ज्वालामुखी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत चंगर क्षेत्र की विकट परिस्थितियों के दृष्टिगत विभिन्न सड़कों के निर्माण तथा मरम्मत के लिए विशेष वित्तीय सहायता तथा अतिरिक्त मशीनरी उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

सियो-डोगरी सड़क

***1486 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार लोक निर्माण मण्डल डोडरा क्वार के अन्तर्गत सियो-डोगरी सड़क बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

बस अड्डा निर्माण

***1487 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार जिला कुल्लू तहसील आनी के लूहरी में बस अड्डे का निर्माण करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

Housing Subsidy

***1488 Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Social Justice & Empowerment Minister** be pleased to state how many cases of housing subsidy of ST and SC applicants are pending with the Department in Kinnaur, Lahual & Spiti, Pangi and Bharmour Tribal areas; year wise and blockwise details be given?

Nationalized Bank Branch

***1489 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state whether the Government has any proposal of opening a Nationalized Bank branch in 12/20 Area of Rampur; if yes, by when this branch will be opened?

पर्यटन को बढ़ावा

***1490 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा लक्कड़ बाजार बस स्टैंड के समीप पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु कोई योजना है; यदि हां, तो ब्यौरा दें ?

विधायक निधि

*1491 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत वर्ष दिनांक 31.07.2019 तक विधायक निधि के अन्तर्गत कांगड़ा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत किन महिला मंडलों को कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; क्या यह धनराशि महिला मंडलों को वितरित कर दी गई है; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) यह सत्य है कि इस निधि के अन्तर्गत महिला कृषक समूह टीका बाग बड़ी, ग्राम पंचायत भंगवार को 10 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई थी; यदि हां, तो यह धनराशि इस महिला समूह को वितरित कर दी गई है; यदि नहीं, तो कारण?

शिमला लिफ्ट

*1492 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) पर्यटन विभाग की कार्ट रोड़ से दि माल शिमला की लिफ्टें कितनी लागत से व कब तैयार की गईं;

(ख) क्या पर्यटकों को वहां पर शौचालय, रेस्टोरैंट तथा प्रतीक्षा कक्ष की सुविधा का प्रावधान है; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार जनहित में पर्यटकों की अधिक आवाजाही के दृष्टिगत यह सुविधाएं उपलब्ध करवाने का विचार रखती है?

हेलीकॉप्टर सुविधा

*1493 **श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक किन-किन जनजातीय क्षेत्रों में सरकार द्वारा हेलीकॉप्टर सुविधा उपलब्ध करवाई गई;

(ख) उड़ान स्थल पर संख्या निर्धारित करने के क्या मापदण्ड हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) यह सत्य है कि गत एक वर्ष में धरवास व साच हेलीपैड में एक भी उड़ान सेवा उपलब्ध नहीं करवाई गई; यदि हां, तो कारण?

करुणामूलक आधार पर नियुक्तियां

*1494 **श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31-07-2019 तक चम्बा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पुलिस विभाग में करुणामूलक आधार पर नियुक्ति हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुए; और

(ख) कितने आवेदनकर्ताओं को नियुक्तियां प्रदान की गईं; कितने आवेदन कब-कब से लम्बित हैं और सरकार इन आवदेनों पर क्या कार्रवाई कर रही है; ब्यौरा नाम सहित दें?

पदपूर्ति

*1495 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रेणुका विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत रेफरल हॉस्पिटल, सी0एच0सी0, पी0एच0सी0 व स्वास्थ्य उप-केन्द्रों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं तथा इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है तथा ब्यौरा संस्थान वार दें?

डिलिमिटेशन के उपरान्त पंचायतें

*1496 **कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि डिलिमिटेशन के उपरान्त धर्मपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की चार पंचायतों को सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में शामिल किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इन पंचायतों को लोक निर्माण कृषि, भू-संरक्षण और अन्य सभी विकास कार्यों के लिए सरकाघाट खण्ड में जोड़ने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

Salooni Ayush Valley Project

***1497 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) whether there is any proposal to start the Salooni Ayush Valley Project in Chamba District;

(b) whether any DPR has been prepared for this; and

(c) what will be the estimated investment under this project?

पदपूर्ति

***1498 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31.07.2019 तक सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग मण्डल नेरवा (चौपाल) के अन्तर्गत विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; कितने रिक्त हैं और रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा उपमण्डलवार दें?

प्राचीन मन्दिरों की पुनःस्थापना

***1499 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि भाखडा बांध बनने के उपरान्त पुराने जलमग्न हुए प्राचीन मन्दिरों के पुनःस्थापन हेतु केन्द्र सरकार ने रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है; यदि हां, तो रिपोर्ट की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ख) यदि हां, तो बिलासपुर शहर में चयनित भूमि पर इन मन्दिरों की स्थापना कब तक कर दी जायेगी?

हेली टैक्सी

***1500 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में जिला/राज्य/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मेलों का आयोजन किया जाता है;

(ख) यदि हां, तो इन मेलों में जिला उपायुक्त हेली टैक्सी सेवा को हायर कर सकते हैं तथा पर्यटन विभाग और नागरिक उड्डयन विभाग की बिना मंजूरी के हेली टैक्सी को चलाया जा सकता है; और

(ग) यदि नहीं, तो बिना अनुमति के मामलों में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई अमल में लाई जाती है?

Merger of SJVNL with NTPC

*1501 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that SJVNL is being merged with NTPC; and

(b) if yes; has the Government taken any steps, legal or otherwise, to stop the merger?

रोज़गार

*1502 **श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक सरकारी क्षेत्र में कितने लोगों को रोज़गार प्रदान किया गया; ब्यौरा वर्षवार दें?

पाइप क्रय

*1503 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक विभाग द्वारा विभिन्न पेयजल योजनाओं हेतु कितनी पाइपें क्रय की गईं; और

(ख) यह सत्य है कि सरकार ने मानकों से भी निम्न स्तर की पाइपें, जिन्हें अन्य राज्यों ने खरीदने से मना कर दिया था, क्रय कीं; यदि हाँ, तो कारण सहित ब्यौरा दें?

निविदाएं

***1504 श्री मोहन लाल ब्राक्टा(रोहडू) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में पिछले डेढ़ वर्ष से कितने ऑनलाइन और कितने ऑफलाइन टेंडर लगे हैं; और

(ख) ऑनलाइन तथा ऑफलाइन टेंडर का काम किन-किन ठेकेदारों को दिया गया; इस अवधि में कितनी धनराशि व्यय की गई और कितनी देनदारी लम्बित हैं; और

(ग) रोहडू डिवीजन में गत वर्ष दिनांक 31.07.2019 तक कितनी किलोमीटर LWSS व पेयजल योजनाओं की लाइने जोड़ी और कितने नए कनेक्शन दिए गए; ब्यौरा दें?

Construction of Link Roads

***1505 Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that fraud MB record has been prepared amounting to Rs 95 lakhs for the construction of Link Roads Thangi and Ribba Kanda in the year 2018-2019 under Public Works Division Kalpa; and

(b) if yes, what action has been taken by the Government against the fraudsters?

Vacancy Position

***1506 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Education Minister** be pleased to state how many posts of different categories are lying vacant in GSSS Banuna, GMS Gadahu & Gadheri in GP Himri; details be given; by when these posts will be filled up?

बल्देया-शैनल सड़क

***1507 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि PMGSY के अन्तर्गत निर्मित बल्देया-शैनल सड़क का इन्द्राज राजस्व रिकार्ड में है; यदि नहीं, तो कारण?

लोक निर्माण विभाग मण्डल कार्यालय

***1508 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) लोक निर्माण विभाग कांगड़ा मण्डल का कार्यालय किस भवन में स्थापित है; और

(ख) इस भवन में अतिरिक्त कमरों का निर्माण किया गया है; यदि हाँ, तो किसकी अनुमति से तथा यह कार्य किस ठेकेदार को दिया गया है; ब्यौरा दें?

अस्पताल गेट

***1509 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दीन दयाल उपाध्याय जोनल अस्पताल शिमला की नई बिल्डिंग का लोकल बस स्टैंड के साथ लगता गेट किन कारणों से आवाजाही हेतु बन्द है और सरकार इसे लोगों की सुविधा हेतु कब तक खोलने का विचार रखती है?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**

दिनांक: 9 अगस्त, 2019. **सचिव।**